>

Title: Need to take stringent action against the persons involved in Adarsh Bank scam.

श्री देवजी पटेल (जालौर): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मेरे क्षेत्र में आदर्श बैंक का एक घोटाला हुआ, जो लगभग 14,000 करोड़ रुपये का बहुत बड़ा घोटाला है, जिसमें गरीब, किसानों का पैसा फंसा हुआ है । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूँगा, उसके जो भी मालिक हैं, उनको अरेस्ट कर लिया गया है । लेकिन मालिकों ने जहाँ भी पैसा इनवेस्ट किया है, जिन रिश्तेदारों को पैसा दिया है, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि उनको भी अरेस्ट किया जाए । उन्होंने जहां भी पैसा इनवेस्ट किया है, वह पैसा वसूल किया जाए, चाहे उनकी प्रॉपर्टी बेची जाए ताकि गरीबों का पैसा मिलें । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री मोहम्मद सदीक ।

*m02

श्री देवजी पटेल: अध्यक्ष महोदय, एक मिनट । वहां पर सब्जी वाले ने अपना पेट काट कर, किसानों ने अपना पेट काट कर पैसा जमा किया है, उनके घर पर आज खाने के लाले पड़ रहे हैं । जो ये बड़े-बड़े सेठ बन कर बैठ गए हैं और इन्होंने जो पैसा अपने रिश्तदारों के यहां लगाया है, उनको भी अरेस्ट करना चाहिए, क्योंकि यह सारा पैसा जनता का है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है, राज्य सरकार कुछ नहीं करने वाली है, क्योंकि राज्य सरकार इलैक्शन के समय में उनको बचाने के लिए लगी हुई थी । मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं, यहां से हमें कुछ करना पड़ेगा । यही मेरा आपसे निवेदन है । धन्यवाद ।